ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 123

मेरठ, रविवार, 03 मार्च, 2024

(पृष्ठः 6)

मूल्यः 2 रूपया

# दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'

प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



मुजफ्फरनगरः संजीव बालियान तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार. 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

आसान भी नहीं भाजपा का दक्षिण पथ.. 4

## एक नजर..

### केरल में छात्र की मौत मामले में कुलपति निलंबित



तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी) केरल के राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान ने वायनाड में केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम आर शशींद्रन को शनिवार को निलंबित कर दिया। खान ने निलंबन आदेश में कहा कि प्रो. शशींद्रन द्वारा दी गयी रिपोर्ट 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थन की मौत से जुड़े घटनाक्रम के दौरान 'कुलपति की ओर से कर्तव्यों में घोर लापरवाही का प्रमाण' है। राज्यपाल ने कहा, 'इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पृष्ठभूमि में कुलपति का उनके कर्तव्यों तथा जिम्मेदारियों के प्रति उदासीन, लापरवाह और संवेदनहीन रवैया 28 फरवरी की रिपोर्ट से उजागर होता है।' उन्होंने छात्र की मौत की न्यायिक जांच के भी आदेश दिए। राज्यपाल ने हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, 'केरल हाईकोर्ट के महापंजीयक से उचित अनुरोध किया जाएगा।' राज्यपाल ने निलंबन आदेश में कहा कि जिन घटनाक्रम के तहत छात्र की मौत हुई, उससे पता चलता है कि कुलपति वांछित ईमानदारी, गंभीरता और तत्परता तथा अन्य प्रासंगिक नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय के मामलों पर ध्यान नहीं दे रहे थे।

### झारखंड में स्पेन की महिला से गैंगरेप, 3 गिरफ्तार



दुमका, (एजेंसी)झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से कथित तौर पर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। यह घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार खुद रात को घटनास्थल पर गए और वहां डेरा डाले हुए हैं। जांच की जा रही है और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया है।' उन्होंने कहा कि इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़िता को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपमहानिरीक्षक, संथाल परगना, संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक घटना की जांच कर रहे हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि घटना में सात से आठ युवक शामिल थे।

### भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने चीन से कराची जा रहे जहाज को रोका

मुंबई, (एजेंसी)भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने चीन से कराची जा रहे एक जहाज को इस संदेह में मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर रोक दिया कि इसमें दोहरे उपयोग वाली खेप थी जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था।

## लोकसभा चुनावः भाजपा ने जारी की 195 उम्मीदवारों की पहली सूची

# नरेन्द्र मोदी फिर काशी से प्रत्याशी



नयी दिल्ली में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करते भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा।

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची में 34 केंद्रीय मंत्रियों, 2 पूर्व मुख्यमंत्रियों के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नाम शामिल हैं। बिरला एक बार फिर कोटा से चुनाव लड़ेंगे। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें परषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज चौहान विदिशा से और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव त्रिपुरा पश्चिम से मैदान में उतरेंगे। भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर आलोक शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।

मथुरा से एक बार हेमा मालिनी पर भरोसा जताया गया है। झारखंड में पिछले दिनों भाजपा में शामिल हुई कांग्रेस नेता गीता कोड़ा को सिंहभूम से टिकट दिया है। वह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। केरल की त्रिसूर सीट से फिल्म अभिनेता सुरेश गोपी को, पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को पत्तनमतिट्टा से टिकट दिया गया है। पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे।

### 28 महिलाएं, 47 युवाओं पर दांव

पहली सूची में 28 महिलाएं और 47 युवा शामिल हैं। 27 उम्मीदवार अनुसूचित जाति से, 18 अनुसूचित जनजाति से और 57 अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। मोदी ने भाजपा के लिए इस लोकसभा चुनाव में अपने दम पर कम से कम 370 सीट जीतने और राजग के लिए 400 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा है।

### गौतम गंभीर, जयंत सिन्हा सियासत से 'दूर'

पहली सूची जारी होने से पहले पूर्वी दिल्ली से सांसद व पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर और हजारीबाग से सांसद जयंत सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करके बताया कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष से चुनावी राजनीति से खुद को दूर रखने का अनुरोध किया।

## नयी दिल्ली से उतरेंगी सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी



पार्टी ने नयी दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार फिर उत्तर पूर्व दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।

## तंबाकू कारोबारी पर छापाः साढ़े 12 करोड़ की हीरे की पांच घड़ियां मिलीं, छह मुखौटा कंपनियों का भी खुलासा



कानपुर (एजेंसी)। कानपुर से अपना कारोबार दिल्ली और गुजरात शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी मुन्ना मिश्रा के प्रतिष्ठानों पर तीसरे दिन शनिवार को भी आयकर की जांच जारी रही। आयकर टीम को कारोबारी के बेटे के दिल्ली स्थित घर से अब साढ़े 12 करोड़ की हीरे की पांच घड़ियां बरामद हुई हैं। इससे पहले 70 करोड़ से ज्यादा की कई कारें मिली थीं। इसके अलावा छह मुखौटा कंपनियों का भी खुलासा हुआ है।

इनके जरिये कालेधन को सफेद किया जा रहा था। आयकर के 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमों ने गुरुवार दोपहर बाद बंशीधर श्रीराम फर्म के रामगंज-नयागंज स्थित कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही यहीं पर बने तीन प्रतिष्ठानों और दिल्ली के वसंतविहार स्थित आवास, गुजरात के ऊंझा स्थित फैक्टरी में छापा मारा था। रामगंज में कारोबारी का पुराना कार्यालय है।

पहले आर्यनगर में रहते थे। सालों पहले दिल्ली चले गए और कारोबार अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया। यह फर्म सभी प्रमुख पान मसाला कारोबारियों को बड़े पैमाने पर तंबाकू सप्लाई करती है। फर्म के संचालक केके मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा हैं। उनका बेटा शिवम मिश्रा कारोबार देखता है। दिल्ली स्थित आवास से 4.5 करोड़ की नकदी और 2.5 करोड़ के गहने जब्त किए जा चुके हैं।

इसके अलावा बेटे के आवास से रोल्स रॉयस फैंटम, फेरारी, लेम्बोर्गिनी, मिर्सिडीज, मैकलॉरेन, पोर्शे जैसी महंगी कारें मिली थीं। रोलेक्स कंपनी की पांच घड़ियां भी मिली हैं।एक घड़ी की कीमत 2.5 करोड बताई जा रही है। इन घड़ियों को विशेष रूप से बनवाया गया है। पूरी घड़ी में हीरे लगे हैं। आयकर अफसरों ने हीरों की जांच के लिए विशेषज्ञों को बुलाया है। इसके साथ ही जांच का दायरा भी बढ़ गया है। गुजरात के ऊंझा में लगाई गई फैक्टरी की फंडिंग के बारे में भी जांच चल रही है।

आयकर अफसरों को जांच में छह मुखौटा कंपनियों का पता चला है। ये कंपनियां कानपुर, कोलकाता और दिल्ली के पते पर दर्ज हैं। सूत्रों के मुताबिक इनके जरिये काली कमाई को एक नंबर में बनाए जाने का खेल चल रहा था। कितने का लेनदेन इन कंपनियों के जरिये किया गया, इसकी जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। बताया गया कि कारोबारी कच्चे पर्चे पर बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे थे।

यह भी पता चला है कि कच्चे पर्चों का लेनदेन कुछ दिनों के बाद फाड़ दिया जाता था। इस खेल के खुलासे के लिए कर्मचारियों और फर्म संचालकों से पूछताछ की जा रही है। फर्म संचालक मुन्ना मिश्रा का ऑपरेशन हुआ है। इस वजह से उनसे ज्यादा पूछताछ नहीं की गई है। बेटे शिवम मिश्रा से विदेशी कारों, घड़ियों, फैक्ट्री की फंडिंग पर पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों की मानें, तो गुजरात के ऊंझा में तंबाकू और तंबाकू पत्ती की फैक्ट्री है, जो बड़े स्तर पर उत्पादन करती है। कानपुर समेत देशभर के पान मसाला कारोबारियों, कंपनियों को तंबाकू की सप्लाई की जाती है। दरअसल, फर्म केवल 25-30 करोड़ का टर्नओवर दिखा रही थी। वहां पर अफसरों को जो स्टॉक मिला है, वो बहुत अधिक है। सूत्रों ने बताया कि तैयार व कच्चा माल 50 करोड़ से ज्यादा का है, जबकि टर्नओवर आधा भी नहीं दिखाया जा रहा था।

## अधिवक्ता को आठवीं मंजिल से पुलिस ने फेंका

### पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप, एसओ सहित दो पुलिसकर्मी नामजद

आगरा (एजेंसी)। आगरा के सिकंदरा के शास्त्रीपुरम मंगलम आधार अपार्टमेंट में अधिवक्ता सुनील शर्मा की मौत के मामले में पुलिस कठघरे में है। शनिवार की रात अधिवक्ता की पत्नी सुनीता शर्मा ने पुलिस पर पति को बालकनी से फेंककर मार डालने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। तहरीर में एसओ न्यू आगरा सहित दो पुलिसकर्मी नामजद हैं। 10 अज्ञात पुलिसकर्मियों का जिक्र है। इतना ही नहीं परिजन ने चेतावनी दी है कि पोस्टमार्टम तभी होगा जब मुकदमा दर्ज करके आरोपी पुलिसकर्मी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

पुलिस आयुक्त को संबोधित प्रार्थनापत्र को ही तहरीर बताते हुए सुनीता शर्मा ने लिखा है कि आपराधिक षड्यंत्र के तहत मनोज दीक्षित उर्फमनोज शर्मा ने उनके पति के खिलाफ न्यू आगरा में मुकदमा दर्ज कराया। पति इस संबंध में अधिकारियों से मिले। बेगुनाही के साक्ष्य दिए। अधिकारी संतुष्ट थे। आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर थाने बुलाया जाएगा। शुक्रवार की रात 10रू45 बजे पुलिस वाले आए। उनके फ्लैट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने दरवाजा खोला। पुलिस वालों ने कहा कि पति को न्यू आगरा थाने भेज देना। मुकदमा दर्ज है। करीब 10 मिनट बाद पुलिस वालों ने जबरन उनके घर का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया।सुनीता शर्मा का आरोप है कि पुलिस वालों ने अंदर आकर पति को दबोच लिया। जान से मारने की नीयत से घसीटकर बराबर वाले फ्लैट नंबर 802 में बंधक बना लिया। 5-7 मिनट बाद उनके पति के चीखने की आवाज आई। वह शोर मचाती हुई बाहर निकलीं।

आठ-दस पुलिस वाले जिसमें राजीव सिंह, अनुराग सिंह आदि थे, जो बराबर वाले फ्लैट के कमरे में थे। सभी लोगों ने मिलकर उनके पति को फ्लैट नंबर 802 की बालकनी से नीचे फेंक दिया। जिसके कारण उनके पति की मृत्यु हो गई। पुलिस वाले घर में रखे उनके पति के आवश्यक अभिलेख भी साथ ले गए। पुलिस ने अपने बचाव में अपराध के अपने साक्ष्यों को नष्ट कर दिया। मुकदमा लिखकर अपराधियों के खिलाफकार्रवाई करें।

## अनंत-राधिका 'प्री वेडिंग'

# पॉप स्टार रिहाना ने 74 करोड़ में मचाई धूम



जामनगर में अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग समारोह में मशहूर पॉप गायिका रिहाना (मध्य में) के कार्यक्रम के दौरान ईशा पीरामल, नीता अंबानी, श्लोका मेहता अंबानी, आकाश अंबानी मंच पर खुशी साझा करते हुए।

जामनगर (एजेंसी)। मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के विवाह से पहले आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से धूम मचा दी। रिहाना ने 'डायमंड्स', 'व्हेयर हैव यू बीन', 'रूड बॉय' और 'पोर इट अप' जैसे हिट गाने गाये। इस समारोह में शाहरुख खान-गौरी खान, रणवीर सिंह-दीपिका पादुकोण जैसी भारतीय फिल्म हस्तियां शामिल थीं। मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और श्यामक डावर संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए। चमकीले हरे और गुलाबी रंग की शानदार पोशाक में रिहाना ने इस भव्य कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया और साथ ही वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की। मीडिया में कुछ खबरों के मुताबिक रिहाना को प्रस्तुति के लिए 74 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

# बिहार को पुराने समय में वापस नहीं जाने देंगेः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



औरंगाबाद में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभा के दौरान लोगों का अभिनंदन स्वीकार करते हुए।

औरंगाबाद (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ज्ञान की भूमि बिहार आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि हम बिहार को पुराने समय में वापस नहीं जाने देंगे। यह मोदी की गारंटी है। पीएम शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के अनावरण के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा, 'वर्तमान सरकार समय पर परियोजनाओं को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित करती है।' उन्होंने विकास परियोजनाओं के लिए बिहार के लोगों को बधाई दी। उन्होंने रेखांकित किया कि बिहार के लोग, विशेषकर औरंगाबाद के नागरिक वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि इससे उत्तर प्रदेश और कोलकाता की यात्रा का समय कुछ घंटों तक कम हो जाएगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि सड़क परियोजनाएं पटना, नालंदा, जहानाबाद, गया, वैशाली, समस्तीपुर और दरभंगा जैसे शहरों की तस्वीर बदल देंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उनके साथ रहे।

### अब हमेशा राजग में रहूंगा : नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को आश्वासन दिया कि वह हमेशा राजग के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि राजग गठबंधन लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। मैं आपको (पीएम) भरोसा दिलाता हूं कि अब मैं हमेशा राजग में रहूंगा।' उन्होंने कहा, 'आप पहले भी बिहार आए थे, लेकिन हम गायब हो गए थे। हम फिर आपके साथ हैं और अब मैं कहीं नहीं जाऊंगा। हम आप के साथ ही रहेंगे।'

# एलजी ने सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच को दी मंजूरी



नयी दिल्ली (एजेंसी) दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफसीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। जैन पर चन्द्रशेखर से 'संरक्षण देने के बदले में शुल्क' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन के खिलाफसीबीआई जांच के लिए मंजूरी दे दी है।



## एक नजर..

## समाज की सबसे बड़ी जरूरत अच्छे संस्कार और आदतें है: मुफ्ती कफील मजाहिरी



युरेशिया संवाददाता

नगीना सलीम एडवोकेट अंसारी वसीम एडवोकेट के निवास स्थान काजी सराय नगीना में दीनी जलसा हुआ जिसकी अध्यक्षता मुफ्ती मुहम्मद अबरार साहब ने की तथा निजामत का फर्ज मौलाना मुहम्मद वारिस साहब ने निभाया तथा नात पाक की पेशकश पेश की गई जनाब शकील अहमद साहब ने मीटिंग को संबोधित करते हुए मुफ्ती कफील अहमद मजाहिरी ने कहा

मनुष्य को केवल अल्लाह पर विश्वास रखना चाहिए, उसके साथ किसी को साझीदार नहीं बनाना चाहिए। यदि वह न्याय का जीवन जीता है, तो यह न्याय का जीवन होगा, लेकिन यदि वह सोचता है कि लाभ और हानि का मालिक कोई और है, और मांगता रहता है किसी और से मन्नतें और मन्नतें मांगें तो ऐसे शख्स की जिंदगी जुल्म की जिंदगी होगी। उन्होंने कहा कि लोग मजारों पर दुआ करने जाते हैं, मन्नतें मांगते हैं और सजदा करते हैं, ऐसा करना अल्लाह के यहां शिर्क है और अल्लाह शिर्क को माफनहीं करेगा। हमें इन बातों को समझना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि अल्लाह के अस्तित्व में आस्था और विश्वास के बाद मानव समाज की सबसे बड़ी जरूरत अच्छे संस्कार और आदतें हैं। हैं, लेकिन एक अच्छा व्यक्तित्व और व्यक्तिगत आदतें रखना धर्म की सबसे बड़ी मांग है। पवित्र पैगंबर से स्वयं पूछा गया था कि अल्लाह का सबसे प्रिय सेवक कौन है। आप (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने कहा कि जिसके पास सबसे अच्छे संस्कार होंगे, अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने स्वयं कहा कि जिसके पास अच्छे आचरण होंगे, वह मेरी निकटता से सबसे अधिक धन्य होगा। उन्होंने कहा, ष्अगर आप समाज में अच्छे लोगों को देखना चाहते हैं तो उन लोगों को देखें जिनके संस्कार अच्छे हों।

वहीं, मुफ्ती मुहम्मद अबरार ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रमजान का महीना शुरू होने वाला है और हमें इस महीने के आने से पहले इसकी तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने रोजे के फायदों के बारे में बताया और कहा कि रोजा रखना एक ढाल है। उन्होंने जकात अदा करने का अनुरोध करते हुए कहा, मनुष्य एक पवित्र व्यक्ति बन जाता है, वह पापों से बच जाता है, उसकी आध्यात्मिकता का विकास होता है और उसके शरीर में भी सुधार होता है।

उन्होंने जकात देने की गुजारिश की और कहा कि दौलत अल्लाह तआला की देन है, इसलिए उसे इस बात का पूरा अधिकार है कि वह इंसान को कहां और कैसे कमाना है और कहां और कैसे खर्च करना है। जकात इबादत के सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय कृत्यों में से एक है और इस्लाम का एक मौलिक कर्तव्य है, जिसे करुणा की भावना को बढ़ावा देने के लिए अनिवार्य किया गया है। धन ने मानव अर्थव्यवस्था के बाह्य विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिस प्रकार किसी व्यक्ति के रक्त प्रवाह में थोड़ा सा अंतर जीवन के लिए खतरा पैदा कर देता है, उसी प्रकार यदि धन का संचलन उचित और न्यायसंगत नहीं है। सामाजिक जीवन के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस ख़तरे को ख़त्म करने के लिए अल्लाह तआला ने जकात और सदकात की व्यवस्था स्थापित की है, इसलिए शरीयत के अनुसार, जकात हर निसाब रखने वाले मुस्लिम पुरुष और महिला पर अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह हर साहिबे निसाब की जिम्मेदारी है। साल दर साल खुशी-खुशी अपनी जकात अदा करें, जकात अदा करने में देर न करें। इस दीनी प्रोग्राम में शामिल मुफ्ती अबरार साहब मुफ्ती कफील साहब मौलाना वारिस साहब वसीम एडवोकेट अंसारी सलीम एडवोकेट शादमान एडवोकेट फारूक अंसारी मास्टर शाहनवाज रहीम अख्तर जीशान अहमद सुल्तान अहमद आदि लोग मौजूद रहे ।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, बेटे और मां की दर्दनाक मौत



आमिर पठान /युरेशिया



अफजलगढ़। शेरगढ़ सुरजननगर मार्ग पर स्थित गांव रामनगर तिराहे के पास मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहे एक बाइक सवार व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर,दर्दनाक सड़क हादसे में बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि घायल मां की काशीपुर में इलाज के दौरान मौत एक ही परिवार के दो लोगों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव शेरगढ़ निवासी वेदप्रकाश अपनी मां के साथ सुरजननगर मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहा था।

गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी वेदप्रकाश सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र नौबहार सिंह अपनी मां विद्या देवी उम्र 65 वर्ष व अपनी पत्नी मोना देवी के साथ बाइक पर सवार होकर शनिवार की सुबह साढ़े नौ बजे के करीब ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव सुरजन नगर में मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक शेरगढ़ जटपुरा मार्ग पर स्थित गांव रामनगर तिराहे के नजदीक पहुंची तो तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक के परखच्चे उड़ गए। ? बाइक पर सवार 40 वर्षीय वेदप्रकाश सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मां विद्या देवी उम्र 65 वर्ष पत्नी नौबहार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई व पत्नी मोना देवी मामूली रूप से चोटिल हो गए। हादसे की खबर लगते ही परिजन भागकर घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायल विद्या देवी को प्राथमिक उपचार के लिए काशीपुर में ले गए जहां इलाज के विद्या देवी उम्र 65 वर्ष की मौत हो गई एक ही परिवार के मां बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ? मौके पर पहुंचे कोतवाल राजकुमार सरोज हल्का इंचार्ज नवीन कुमार ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजा। वही मृतक के भाई अजय कुमार पुत्र नौबहार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर कोतवाल राजकुमार सरोज ने बताया कि गांव शेरगढ़ निवासी मां बेटे के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया गया है। और मृतक के भाई अजय कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिए जाने की पुष्टि की है। पुष्टि की है।

## कर्मचारी का चपाती बनाने वाली मशीन में आया हाथ

आसिफअंसारी/युरेशिया

सरधना रू नवाबगढ़ी रोड पर जवाहर नवोदय विद्यालय में मैस कर्मचारी आटा लेकर मशीन में डाल रहा था कि तभी आटा बेलने के दौरान उसका हाथ चपाती बनानी वाली मशीन में आ गया। बताया गया कि सांसीपुरा निवासी पिंटू पुत्र फूल सिंह जवाहर नवोदय विद्यालय के मैस में काम करता है। शनिवार रात वह मशीन में आटा डालकर बेलने के लिए डाल रहा था। तभी उसका हाथ मशीन में आ गया। शोर होने पर परिसर में रह रहे विद्यार्थी और शिक्षक व वार्डन पहुंचे और सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को घर भेज दिया गया।

# नगीना तहसील समाधान दिवस में 22शिकायतें हुई दर्ज, दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण

युरेशिया संवाददाता




नगीना। शनिवार को तहसील के सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस का आयोजन एस डीएम नगीना अवनीश कुमार की अध्यक्षता में किया गया । जिसमें 22 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से दो शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया । इस मौके पर एसडीएम अवनीश कुमार ने कहा कि जो भी शिकायतें तहसील समाधान दिवस में आती हैं उनका शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता के आधार पर समाधान होना चाहिए और शिकायतकर्ता का संतुष्ट होना भी जरूरी है एक ही शिकायत बार-बार नहीं आनी चाहिए। भी ध्यान रखें। तहसील समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार फैसल कमर ,एडीओ पंचायत सुरेंद्र सिंह, एसडीओ रामकेश सिहँ पूर्ति अधिकारी विनीत कुमार समस्त सर्किल थानों के प्रतिनिधि व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# गेंहू खरीद कार्य से जुड़े कार्मिकों एवं क्रय केन्द्र प्रभारियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन

लियाकत मलिक /युरेशिया



बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज शाम 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में गेंहू क्रय केन्द्र व्यवस्था, भण्डारण, गेंहू की गुणवत्ता का विशलेषण आदि के संबंध में गेंहू खरीद कार्य से जुड़े कार्मिकों एवं क्रय केन्द्र प्रभारियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्धारित समय प्रातः 09 बजे से सायं 06 बजे तक क्रय केन्द्रों पर उपस्थित रहकर पूर्ण पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं किसानों के प्रति संवेदनशीलता के साथ गेंहूं खरीद सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गेंहू क्रय की अवधि 01 मार्च से प्रारम्भ हो गयी है जो आगामी 15 जून तक जारी रहेगी। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गेहूँ खरीद के लिए क्रय केन्द्रों पर समस्त उपकरण इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन एवं छलना तथा पर्याप्त संख्या में बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। उन्होंने उपस्थित क्रय एजेंसियों को निर्देशित किया कि वह क्रय केन्द्रों पर शेष समस्त व्यवस्था तत्काल पूर्ण करा लें तथा केन्द्रों पर उपस्थित रहकर कृषकों का अधिक से अधिक पंजीकरण भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि खरीद में कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने बिजनौर एवं चांदपुर में गेंहू क्रय में पंजीयन की संख्या कम होने पर संबंधित को लक्ष्य के सापेक्ष पंजीयन को बढाने के निर्देश दिए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी क्रय एजेंसियों द्वारा क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। बोरे की सिलाई एवं स्टैंसिल का कार्य नीले रंग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले में 49 गेहूं लियाकत मलिक बिजनौर

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज शाम 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में गेंहू क्रय केन्द्र व्यवस्था, भण्डारण, गेंहू की गुणवत्ता का विशलेषण आदि के संबंध में गेंहू खरीद कार्य से जुड़े कार्मिकों एवं क्रय केन्द्र प्रभारियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्धारित समय प्रातः 09 बजे से सायं 06 बजे तक क्रय केन्द्रों पर उपस्थित रहकर पूर्ण पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं किसानों के प्रति संवेदनशीलता के साथ गेंहूं खरीद सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गेंहू क्रय की अवधि 01 मार्च से प्रारम्भ हो गयी है जो आगामी 15 जून तक जारी रहेगी। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गेहूँ खरीद के लिए क्रय केन्द्रों पर समस्त उपकरण इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन एवं छलना तथा पर्याप्त संख्या में बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। उन्होंने उपस्थित क्रय एजेंसियों को निर्देशित किया कि वह क्रय केन्द्रों पर शेष समस्त व्यवस्था तत्काल पूर्ण करा लें तथा केन्द्रों पर उपस्थित रहकर कृषकों का अधिक से अधिक पंजीकरण भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि खरीद में कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने बिजनौर एवं चांदपुर में गेंहू क्रय में पंजीयन की संख्या कम होने पर संबंधित को लक्ष्य के सापेक्ष पंजीयन को बढाने के निर्देश दिए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी क्रय एजेंसियों द्वारा क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। बोरे की सिलाई एवं स्टैंसिल का कार्य नीले रंग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले में 49 गेहूं क्रय केन्द्र बनाये गये हैं तथा सभी क्रय केन्द्रों पर अभिलेखों का रख-रखाव भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि समस्त क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग एवं परिवहन के लिए ठेकेदार की नियुक्ति भी कर दी गयी है। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं समस्त केन्द्र प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। .क्रय केन्द्र बनाये गये हैं तथा सभी क्रय केन्द्रों पर अभिलेखों का रख-रखाव भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि समस्त क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग एवं परिवहन के लिए ठेकेदार की नियुक्ति भी कर दी गयी है। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं समस्त केन्द्र प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 54वा स्थापना दिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया

युरेशिया सवाददाता



किरतपुर । नगर पालिका परिषद बोर्ड की मासिक बैठक शुक्रवार को पालिका की नवनिर्मित सुसज्जित मीटिंग हॉल में चेयरमैन अब्दुल मन्नान की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता के संचालन में बहुत ही खुशनुमा माहौल में संपन्न हुई। जिसमें पालिका का 54वा स्थापना दिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। बैठक में विशेष प्रस्ताव बजट 2024 व 2025 अनुमानित आय व्यय का बजट 36 करोड़ 92 लाख 25 हजार का पेश किया गया जो कि पिछले वर्ष से 3 करोड़ 25 लाख रुपए लाभ का बजट है इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जबकि जल मूल्य की दरों में वृद्धि के प्रस्ताव को सभासदों ने अगली मीटिंग के लिए टाल दिया इसके अलावा वर्ष 2024ध् 2025 के ठेकों की नीलामी नालों की तली झाड़ सफाई वाटर कूलरो की मरम्मत ठेकेदारों का नवीनीकरण व पंजीकरण व बस स्टैंड से जैन मंदिर तक व कल्याणी अस्पताल होते हुए मोतीचूर तक मार्ग को आदर्श मार्ग घोषित करने व सौंदर्यकरण कराए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई, इसके अलावा अन्य बिंदुओं में हाई मास्क लाइटों की मरम्मत की जाने सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज के हाउस टैक्स को कम करने नगर में शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई, नगर पालिका द्वारा नॉर्थ जोन में आठवी एवं यूपी में छटी रैंक हासिल करते हुए गावेज फ्री सिटी स्टार प्राप्त करने पर सभी सभासदों ने चेयरमैन व ईओ, और समस्त स्टाफकी मैज थप थपाकर कर बधाई दी। मीटिंग में जन्म पत्री बनाई जाने में पालिका स्टाफद्वारा लोगों को बार-बार चक्कर कटाए जाने पर सभासदों ने नाराजगी जाहिर की। अंत मैं नगर पालिका परिषद को शासन द्वारा तंग गलियों में जहां ट्रैक्टर नहीं पहुंच पाते वहां से कूड़ा उठाने के लिए 6 ई रिक्शाओं को चेयरमैन द्वारा हरी झंडी दी गई। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने सफाई कर्मियों को आदेशित करते हुए कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में समस्त 25 सभासद व बड़े बाबू हसन मुस्तफा ,सुरेंद्र कुमार , जेई ,ज्ञानेश्वर दत्त आदि मौजूद रहे

# शिवभक्ति में लीन मंजिल की ओर बढ़ रहे कांवड़िये

आसिफअंसारी/युरेशिया

सरधना। चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर शिवभक्ति में लीन होकर अपनी मंजिल की ओर तेजी से चल रहे हैं। शनिवार को राजस्थान के अलवर के तिजारा गांव निवासी 80 वर्षीय लाल सिंह यादव, बाबूलाल यादव आदि ने बताया कि हरिद्वार से 28 फरवरी को जल उठाया था। पूरे दिन में एक बार शाम को भोजन करते हैं। लालसिंह ने बताया कि वह 30वीं बार कांवड़ लेकर आ रहे हैं। उनका कहना है कि शिव की भक्ति उन्हें खींच ले जाती है।




## पुलिस मुठभेड में एक बदमाश घायल, दो फरार



युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। पुलिस व बदमाशो की मुठभेड में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। घायल बदमाश के ऊपर केई थानो में मुकदमे दर्ज हैं।

मीरापुर पुलिस कासमपुर खोला मार्ग पर रात्रि में चैकिंग कर रही थी उसी दौरान उन्हें कासमपुर खोला की ओर से एक वरना कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार युवकों ने कार को दौड़ा दिया जिस पर पुलिस ने कार का पीछा शुरू किया तो बदमाशों की कार एक खेत मे फस गई जिस पर बदमाशों ने भागते हुए पुलिसकर्मियों पर फायर झोंक दिया जिससे कई पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए जिसपर पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए फायरिंग शुरू कर दी सूचना पर इंस्पेक्टर मीरापुर रवेन्द्र सिंह यादव भी मौके पर पहुँच गए। पुलिस द्वारा अपने आप को घिरा देखकर बदमाश कार छोड़कर खेतों की ओर भागने लगे और पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लग गई जिस कारण बदमाश घायल होकर गिर गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गये। पुलिस को पकड़े गए बदमाश के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व 2 खोखा कारतूस व एक संदिग्ध वरना कार तथा कार में रखे टावर से चोरी किये गए दो बैट्रे मिले। गोली लगने से घायल बदमाश ने पुलिस को पूछताछ में अपना नाम सरफराज पुत्र अनवार निवासी ग्राम स्याली थाना हसनपुर जिला अमरोहा बताया। इंस्पेक्टर रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि गिरफ्तार घायल बदमाश बेहद ही शातिर किस्म का बदमाश है इसके खिलाफमुजफ्फरनगर व मेरठ समेत अन्य जनपदों में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जानसठ सीएचसी में भर्ती करा दिया और उसके फरार साथियों की तलाश में कॉम्बिंग की। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ जानसठ राम आशीष यादव भी मौके पर पहुच गए और मुठभेड़ में शामिल टीम को बधाई दी। सीओ राम आशिष यादव ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर कुछ दिन पूर्व कासमपुर खोला टावर से बेटरे चोरी किये थे जिन्हें आज वह बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस फरार बदमाशो की तलाश में जुटी है।

## क्लाउड कम्प्यूटिंग पुस्तक का विमोचन



क्लाउड कम्प्यूटिंग पुस्तक का विमोचन करते बीआईटी चेयरमैन डा. अनिल सिंह व अतिथिगण।

युरेशिया सवाददाता

मीरापुर। भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. अजय सिंह व डा. शीतल राजपूत की पुस्तक क्लाउड कम्प्यूटिंग का संस्थान के चेयरमैन डा. अनिल सिंह द्वारा विमोचन किया गया।

डा. अनिल सिंह ने एम्प्लॉय प्रसंशा दिवस के अवसर पर अपनी संस्था में लम्बे समय से कार्यरत अपने इन शिक्षकों की इस पुस्तक का विमोचन किया और इनके इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संकायों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया जाना चाहिए। संस्था के उपनिदेशक डा. अजय गुप्ता, सह निदेशक डा. पुष्पनील वर्मा एवम सीए दुष्यंत कुमार ने पुस्तक के लेखक डा. अजय सिंह व डा. शीतल राजपूत कि प्रंशसा की। यह पुस्तक कंप्यूटर विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना सुरक्षा, सूचना विज्ञान और प्रबंधन में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्य पुस्तक के रूप में भी प्रयोग की जा सकती है। साथ ही यह पुस्तक क्लाउड सुरक्षा में शोधकर्ताओं के लिए बुनियादी संदर्भ के रूप में कार्य करती है।

## नमाज मेरी आखों की ठंडक और मोमिन का असामा- मौलाना गुलजार जाफरी



युरेशिया सवाददाता

हल्दौर। निकटवर्ती ग्राम छजुपुरा सादात में दरगाहे आलिया हजरत फातेमा जैहरा पर आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सालाना मजालिसों के दूसरे दिन का आगाज मौलाना मिकदाद रसूलपुरी के द्वारा तिलावते कलामे पाक से हुआ

शनिवार को दूसरे दिन की पहली मजलिस को शिया पर्सनला बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने दूसरी मजलिस को मौलाना गुलजार जाफरी ने तीसरी मजलिस को मौलाना जाने आलम ने चौथी मजलिस को मौलाना मौहम्मद अली ने तथा पांचवी मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया । मौलाना गुलजार जाफरी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि रसूले अरबी फरमाते हैं कि नमाज मेरी आखों की ठंडक है और मोमिन का असामा है । इसी नमाज दीन और इंसानियत को बचाने के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपनी और अपने भरे घर की कुर्बानी पेश की । मौलाना ने आगे कहा कि खुदा के नजदीक अगर कोई दीन है तो वह दीने ईस्लाम है जिसकी बुनियाद इल्म यकीन अमन, मारेफत पर निर्भर हैं। मौला अली फरमाते हैं कि अगर इंसान तारीफकरे तो खुदा की करें और मलामत करें तो अपने नफ्स की करे । मजलिसों में मर्सियाखानी मौहम्मद रजा, मौहम्मद अब्बास, नायाब हैदर, मौहम्मद आलम, रौशन अब्बास, सालिम जैदी आदि ने की तथा पेश खानी मौलाना अली रजा, मौलाना मैहदी अब्बास जैदी, शमशाद हुसैन, रईस जैदी, इंतजार मौलाई रौशन अब्बास ने की ।

कार्यक्रम की की अध्यक्षता मौलाना अली रजा तकवी ने तथा संचालन मौलाना अहमद रजा जैदी व मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने संयक्त रूप से किया

एक नजर..

## वर्षा के साथ ओलावृष्टि फसल को भारी नुकसान



धर्मपाल सैनी /युरेशिया

बागपत में हो रही वर्षा के साथ जहां एक और हवा तेज वही बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से फसल को भारी नुकसान होने की संभावना जिन किसानों ने अपने फसल को पानी दिया वह फसल हवा तेज होने के कारण जमीन से पर गिर गई और तो और गेहूं की फसल को भारी नुकसान हो गया है क्योंकि पानी दिए खेत की फसल जमीन से मिल गई है वही ओलावृष्टि से भी सरसों आम बैगन को वह आलू की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना जाता जा रही है बागपत जिले में रुक–रुक कर गरज के साथ हो रही वर्षा से जहां एक और किसानों को फायदा पहुंचाने के आसार वही जो जगह–जगह पर ओलावृष्टि होने से फसल को भारी नुकसान हो गया ।

## राज्य युवा उत्सव के विजेताओं को किया सम्मानित





युरेशिया संवाददाता

बागपत। नेहरू युवा केन्द्र संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित राज्य युवा उत्सव – इंडिया में बागपत जिले के वॉयज डांस ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। शनिवार को नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय पर जिला युवा अधिकारी अरुण तिवारी ने विजेता टीम के लीडर शुभम सिंघल व तनीषा सिंह और प्रतिभागी कलाकार समीर, सूरज, सागर, नैतिक, मोहसीन, फैजान, नितिन, तानिया को जिले का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया और राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु चयन पर बधाई दी। साथ ही टीम को राष्ट्रीय युवा उत्सव कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। मौके पर सुषमा त्यागी, अमन कुमार, नीतीश भारद्वाज, सुमित कुमार मौजूद रहे।

## धूमधाम के साथ मनाया जाएगा महाराज श्री का अनुष्ठान एवं सामायिक दिवस

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। श्रमण संघीय सलाहकार भीष्म पितामह तपस्वी रत्न श्री सुमति प्रकाश जी म सा नेपाल हिंद गौरव वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर डॉ गुरुदेव श्री विशाल मुनि जी म सा के सुशिष्य नवकार साधक अर्हम आराधक श्री विचक्षण मुनि जी म सा का 48 वां प्रवज्या पर्वोत्सव (दीक्षा जयंती) के उपलक्ष्य में सामूहिक लोगस्स जाप अनुष्ठान एवं सामायिक दिवस 3 मार्च 2024 रविवार प्रात साढ़े आठ बजे से श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सोसाइटी शहर बड़ौत जैन स्थानक संजय मूर्ति बड़ौत के संयोजन में गुरुदेव श्री जी के पावन सान्निध्य में प्रवचन प्रभावक श्री उदितराम मुनि जी म सा एवं संतमंडल की सद्प्रेरणा से बड़े ही हर्ष के साथ मनाया जाएगा।

समारोह में उपस्थित होने वाले सभी धर्मप्रेमियों एवं गुरुभक्तों से निवेदन किया गया है कि वह समय पर आयें एवं सभी पुरुषवर्ग सफेद परिधान में तथा स्त्रीवर्ग केसरिया रंग के परिधान में पहुंचे। साथ ही उस समय अधिक से अधिक सामायिक साधना अवश्य करें। प्रात 9 बजे तक नियमानुसार आने वालों को लक्की कूपन दिए जायेंगे तथा सभा उपरान्त देवेंद्र कुमार जैन इंद्राणी जैन बामनौली वाले परिवार की ओर से 11 चांदी के सिक्के लक्की ड्रा में निकाले जायेगे। समारोह उपरांत सभा में आनेवाले सभी धर्म प्रेमियों को संघ के प्रधान घसीटू मल जैन एवं अजय कुमार जैन (तेल वालों) की ओर से प्रभावना वितरित की जायेगी। गुरुभक्त अंकुर जैन सुपुत्र स्व अनिल कुमार जैन आलू वाले (प्रधान बड़ौत व्यापार संगठन)परिवार की ओर से गौतम प्रसादी भी रखी गई है।

## स्वयंसेवियों ने एनएसएस के विशेष शिविर 'में दूसरे दिन चलाया स्वच्छता अभियान




अश्वनी कुमार/युरेशिया

नानौता। क्षेत्र के गांव जम्बूगढ़ स्थित प्राथमिक विद्यालय में राजकीय महाविद्यालय नानौता की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेनू जैन एवं डॉ प्रमोद सिंह चौहान के निर्देशन में स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और साफसफाई की। शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने दैनिक आवंटित कार्यो के बाद विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान खुशी, जिया, अनु, अंशिका, निक्की, रितु, रजनी, आरिफ तरुण, अलीशा, स्वीटी, नेहा, आर्यन, गुरमीत, अंकित, आमिर, परमजीत, राजू, आरती, विशु ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसके साथ ही भोजन बनाने में रितिका, खुशी, जिया, अक्षमा, निकिता, मीनू, ध्रुव, विदित ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महिला स्वालंबन एवं शक्तिकरण विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान डॉ रेनू जैन ने कहा कि प्रत्येक महिला को अपने अस्तित्व एवं अस्मिता के प्रति जागरूक होना चाहिए और बच्चों की परवरिश बिना किसी भेदभाव के होनी चाहिए। डॉ प्रमोद सिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना बहुत ही जरूरी है।

# रास्ते मे खड़ा होने को लेकर दो युवकों में मारपीट दोनो युवक घायल

### -छात्रा को पेपर दिलाने रटौल आया था गोठरा का युवक



धर्मपाल सैनी /युरेशिया

रटौल में पूर्वी यमुना नहर पर गोठरा के एक युवक से रास्ते मे खड़ा होने को लेकर विवाद हो गया जो मारपीट में बदल गया आरोप है की जिसमे दोनो और से दो युवक घायल हो गये मौकें पर खेकड़ा सीओ ने मामले की जानकारी ली मामले की घटना सीसीटीवी मे भी कैद हो गयी पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

गोठरा निवासी निखिल पुत्र प्रवीन अपनी बहन को लेकर रटौल संत मेरी इन्टर कालिज में इन्टरमीडिएट का पेपर दिलाने के लिए आया था जब वह पूर्वी यमुना नहर के रास्ते आ रहा था पुल के पास रटौल के एक युवक से उसकी कहासुनी हो गयी जो मारपीट में बदल गयी जहा रटौल निवासी अमन पुत्र निजामुद्दीन को मारपीट कर घायल कर दिया और गोठरा का निखिल भी घायल हो गया जहा निखिल ने चाकू मारने का आरोप लगाया मौकें पर जमा भीड़ ने दोनो पक्षों को समझाकर हटाया वही सूचना पाकर पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और अमन को हिरासत मे ले लिया सूचना पाकर गोठरा के ग्रामीण भी मौकें पर पहुंच गये सूचना मिलते ही सीओ खेकड़ा प्रिता सिंह व कोतवाल राजबीर सिंह भी मौकें पर पहुंच गये और ग्रामीणो को समझा बुझाकर शांत किया जब यह घटना हुई तो नहर के समीप लगे कैमरे मे यह घटना कैद हो गयी जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी हो दोनो पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है रटौल के युवक ने राड़ मारने का आरोप लगाया है जबकि गोठरा के युवक ने चाकू मारने का आरोप लगाया है दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थानें मे तहरीर दी है। थाना कोतवाल राजबीर सिंह का कहना की मामला मारपीट का है घटना की जांच की जा रही है।

# माता-पिता शिक्षा के साथ बच्चों को गुड टच बेड टच का पाठ भी पढ़ाए

धर्मपाल सैनी /युरेशिया



जागरूकता कार्यक्रम खेकड़ा के बड़ा गांव ग्राम पंचायत में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जनहित फाउंडेशन की काउंसलर पारुल आर्या ने बाल यौन शोषण, मानव तस्करी, बाल विवाह के खिलाफ महिलाओं को जागरूक किया। वहीं सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती शालू सैनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के प्रति बढ़ते अपराध का मुख्य कारण बच्चों में जागरूकता की कमी होती हैं। मातादृपिता अपना कर्तव्य केवल अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, खाना-पीना, कपड़े पहनना, बड़ों का सम्मान करना और अच्छे संस्कार देने तक सीमित मानते हैं लेकिन वर्तमान समय में बच्चों को यौन शिक्षा देने के साथ ही उन्हें गुड टच बेड टच के बारे में बताना भी एक जरुरी विषय है। माता-पिता अपने बच्चों को इस संबंध में बताना जरूरी नहीं समझते हैं और संकोच भी करते हैं, जिसके कारण बच्चे यौन शोषण के शिकार होते हैं। वहीं सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता सुंदर सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना', वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना , गरीब लड़की के लिए शादी अनुदान योजना, उज्ज्वला योजना, तथा महिलाओं, बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आदि विषय में बताया गया। जनहित फाउंडेशन की विधि विशेषज्ञ प्रियंका आर्य ने कहा कि बाल शोषण से संबंधित आसपास में कोई भी घटना घटित होती है तो आप निसंकोच होकर इसका विरोध करें तथा नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करें। जनहित फाउंडेशन आपकी हर संभव निशुल्क मदद करेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान दिनेश त्यागी जी जनहित फाउंडेशन का आभार करते हुए उपस्थित महिलाओं से बाल विवाह के प्रति जागरूकता को घर-घर पहुंचने का निवेदन किया सभा में आशा आंगनबाड़ी सहित करीब 35 महिला उपस्थित रही।

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा घरों में चोरी करने वाला 1 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रदीप धीमान/युरेशिया




सहारनपुर। थाना सदर बाजार पर वादिया श्रीमती सपना सक्सेना निवासी बसन्त विहार एक्सटेंशन, निकट बैंक कालोनी दिल्ली रोड़ थाना सदर बाजार की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर अलमारी में नकदी व जेवरात आदि सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 344ध2023 धारा 454ध380 भादवि के पंजीकृत कराया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताडा सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण व वांछित ध् वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उरोक्त में वांछित अभियुक्त रोहित उर्फ आशु पुत्र श्रवण निवासी मवीकला थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर को मवीकला वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 जोडी पायल (सफेद धातु) व 630 रुपये नकद बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 श्री देवेन्द्र अधाना, का0 विशाल, का0 सचिन शामिल रहे।

### कब्जे से चोरी गया सामान 02 जोडी पायल व 630/- रुपये बरामद

# मुख्यमंत्री ने 1100 अन्नपूर्णा भवनों मॉडल उचित दर दुकानों का किया लोकार्पण

अरविन्द चौहान/युरेशिया



सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में नवनिर्मित 1100 अन्नपूर्णा भवनों मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी द्वारा 79000 उचित दर दूकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ भी किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण एवं ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के शुभारम्भ अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गयी।

जनपद में ग्राम ककराला ब्लॉक बलिया खेड़ी में माननीय पूर्व विधायक जगपाल सिंह के द्वारा अन्न पूर्णा भवन का उद्घाटन किया गया। अब उचित दर विक्रेताओं के द्वारा नए बने सरकारी भवन से ही राशन का वितरण किया जाएगा। जिससे उचित दर विक्रेता की आय बढ़ेगी और जनसामान्य को इसका लाभ मिलेगा।

जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिले में 75 मॉडल अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण होना है, जिनमें से आज 15 दुकानों का मा0 मुख्यमंत्री एवं मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा लोकार्पण किया गया है। इन दुकानों पर जन सुविधा केन्द्र समेत 35 अन्य प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी।

**खेडा मस्तान में 42वें विशाल हनुमान मेले का शुभारंभ**

## प्रथम दिन उमडी श्रद्धालुओं की भारी भीड, दीप जलाकर मांगी मन्नतें

युरेशिया संवाददाता



शामली। क्षेत्र के गांव खेडा मस्तान स्थित श्री हनुमान मंदिर में 42वें विशाल हनुमान मेले का धूमधाम एवं उल्लास के साथ शुभारंभ हो गया। प्रथम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर बाबा बजरंग के समक्ष दीप जलाकर परिवार की सुख शांति की कामना की। वहीं भीड को देखते हुए मंदिर कमेटी द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव खेडा मस्तान स्थित प्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर में शनिवार से 42वें विशाल हनुमान मेले का विविधत रूप से शुभारंभ हो गया। प्रथम दिन बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर बाबा बजरंग बली के समक्ष दीप जलाकर परिवार की सुख शांति की कामना की। इससे पूर्व सुबह के समय हवन पूजन का भी आयोजन किया गया जिसमें मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात ध्वज पूजन हुआ। सुबह 10 बजे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं अखंड रामचरित मानस का पाठ प्रारंभ हुआ। शाम 6 बजे संध्या आरती का आयोजन किया गया। कमेटी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार मलिक ने बताया रविवार 3 मार्च को श्रीरामचरित मानस पाठ का समापन होगा। 10 बजे कला प्रतियोगिता, 3 बजे विदुषी मानस मनीषा देवी अनुपमा रामायणी तीर्थराज प्रयाग का संगीतमय मानस प्रवचन, 6 बजे संध्या आरती, रात 9 बजे नीरज तूफानी एंड पार्टी शामली द्वारा जागरण एवं बाबा की झांकी का आयोजन होगा। 4 मार्च को सुंदरकांड का सामूहिक पाठ, दोपहर 2 बजे रामकथा, 6 बजे संध्या आरती, 5 मार्च को पूजा व मंगला आरती, हवन यज्ञ व विशाल भंडारे के साथ मेले का समापन होगा। इस मौके पर सचिव राजेन्द्र सिंह मलिक, संजीव मलिक, मोनू गोयल, देवेन्द्र सिंह, अखिलेश रुहेला आदि भी मौजूद रहे। दूसरी ओर बाबा बजरंग बली की पूजा अर्चना करने के लिए शामली सहित मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुढाना, कांधला, कैराना, थानाभवन के अलावा दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड आदि राज्यों से भी बडी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तथा पूजा अर्चना में भाग लिया। ग्रामीणों द्वारा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने, खाने पीने, स्नान आदि की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। मेले के दौरान पूरा गांव अतिथियों के स्वागत में लगा रहता है, प्रतिदिन किसी न किसी घर से मंदिर में प्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमें महिलाएं, पुरुष, युवा, बच्चे, युवतियां पूरे मनोयाग से अतिथियों की सेवा में जुटे रहते हैं।

### दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड से भी बडी संख्या में पहुंचे भक्त

## 109 वर्ष की महिला ने ली अंतिम सांस, ढोल नगाड़ों के साथ किया अंतिम संस्कार

युरेशिया संवाददाता

झिंझाना। कस्बे के मौहल्ला माजरा निवासी 109 वर्षीय वृद्ध महिला ने शनिवार को अंतिम सांस ली। परिजनों द्वारा ढोल नगाडों व आतिशबाजी के साथ वृद्धा का अंतिम संस्कार किया। वृद्धा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गयी है। जानकारी के अनुसार कस्बे के मौहल्ला माजरा निवासी 109 वर्षीया फुल्लो देवी पत्नी रामशरण का शनिवार की सुबह 5 बजे निधन हो गया। फुल्लो देवी के निधन से जहां परिवार में शोक छा गया वहीं मौहल्ले के लोगों ने भी आवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि दी। बाद में ढोल नगाडों व आतिशबाजी के साथ फुल्लो देवी की शव यात्रा निकाली गयी जिसमे परिवार व मौहल्ले के बडी संख्या में लोगों ने भाग ि109 वर्ष की महिला ने ली अंतिम सांस, ढोल नगाड़ों के साथ किया अंतिम संस्कारलया। शमशान घाट में वृद्धा का अंतिम संस्कार किया गया। फुल्लो देवी के सबसे छोटे पुत्र राजवीर सिंह ने बताया कि उनकी माता की एक सप्ताह से तबीयत खराब चल रही थी, उन्हें चिकित्सक को भी दिखाया गया था लेकिन आराम नहीं हो रहा था। पिछले चार दिनों से वे चारपाई पर ही थी। शनिवार की सुबह करीब 5 बजे उनकी माता ने अंतिम सांस ली। फुल्लो देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गयी है।

## मॉडल आइकॉन ऑफइंडिया 2024 कार्यक्रम में भाग लेंगे बागपत के विपुल जैन

युरेशिया संवाददाता



बागपत। देश की राजधानी दिल्ली में ज्वालाजी कल्चरल एण्ड फिल्म प्रोडक्शन द्वारा आगामी 17 मार्च को होने वाले मॉडल आइकॉन ऑफइंडिया 2024 सेशन-3 कार्यक्रम में बागपत के रहने वाले नेशनल अवार्डी, वरिष्ठ पत्रकार व मशहूर सोशल वर्कर विपुल जैन को भी आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजर रोहित सैनी व सोमिया गौतम तथा शो डायरेक्टर अरुण कुमार ने बताया की विपुल जैन के अलावा देश के कई बड़े सेलिब्रिटी, उद्योगपति तथा बॉलीवुड की जानी-मानी हस्तिया भी भाग लेंगी। बताया कि देश के कई राज्यों से मेहमान इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में देश की उन महान हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर इस देश व समाज को गौरवान्वित करने का काम किया है। बताया कि समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत कल्चरल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां पूरी जोर-शोर के साथ शुरू कर दी गई है।

## 163 जोड़े विवाह के बंधन में बधे



युरेशिया सवाददाता

नकुड़। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हिंदु व मुस्लिम रीति-रिवाज से 163 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। योजना के तहत वर-वधू को उपहार स्वरूप जरूरत का सामान भी भेंट किया गया।

शनिवार को ब्लाक सभागार में आयोजित तहसील स्तरीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में पंडित सुरेंद्र शर्मा ने 124 हिन्दू व मौलवी कादिर ने 39 मुस्लिम जोड़ों की शादी रीति-रिवाज से करायी। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार की बेटियां ग्रहस्थ जीवन में प्रवेश कर रही हैं। भाजपा की सरकार में पात्र व्यक्ति तक शत प्रतिशत योजना का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी व लाभकारी योजओ का लाभ प्रत्येक वर्ग के लाभार्थी को मिल रहा है। विधायक ने कहा कि योगी सरकार ने गुंडा, माफिया राज का अंत हुआ है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सुभाष चौधरी, चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता, एसडीएम संगीता राघव ने भी सरकार द्वारा जारी योजनाओं की जानकारी दी ।ग

## हाथी करौदा व लांक में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण



युरेशिया संवाददाता

शामली। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मॉडल राशन (अन्नपूर्णा भवन) का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर गांव हाथी करौदा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। हाथी करौदा व लांक में 8.5 लाख प्रति भवन की दर से दो भवन निर्मित किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया जिसमें सभी कार्ड धारकों को एक स्थल पर राशन मिल सकेगा, साथ ही ग्राहक सेवा केन्द्र, आवेदन जन्मप्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खतौनी संबंधी कार्यों की भी सुविधा मिलेगी। इसी के तहत शामली जनपद के गांव हाथी करौदा में भी अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया गया। खंड विकास अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि विकास खंड शामली में दो ग्राम पंचायतों हाथी करौदा व लांक में 8.5 लाख प्रति भवन की दर से निर्मित किए गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव ने बताया कि प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उनमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए उन्हें मॉडल शॉप के रूप में विकसित किया जाएगा। जनपद के विकासखंड शामली में 2, थानाभवन में 2, कैराना में 2, कांधला में 2, ऊन में 2 मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। शामली की एक उचित दर दुकान का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद शनिवार को इसका लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित मॉडल उचित दर दुकान के माध्यम से पीएम वाणी के तहत ब्राडबैंड सेवा, सीएससी सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनवाने, बिजली बिलों के भुगतान के साथ-साथ आम जन की रोजमर्रा की आवश्यकताओं की वस्तुओं की बिक्री की अनुमति भी प्रदान की गयी है। 484 वर्ग फुट के परिसर में खाद्यान्न वितरण कक्ष, सीएससी कक्ष, जनपयोगी वस्तुओं का विक्रय काउंटर, बैठने का स्थान, सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था की गयी है। एडीएम संतोष कुमार सिंह ने अन्नपूर्णा भवन को ग्रामीणों के लिए मुख्यमंत्री का उपहार बताया। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने बताया कि यह भवन पूरी तरह सरकारी होने के कारण मनोवैज्ञानिक रूप से लाभार्थियों में अपनात्व की भावना का विकास करेगा। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष जयदेव मलिक, गांव प्रधान सरबीर मलिक, ग्राम पंचायत सचिव अरविन्द कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत इरफान अली, पूर्ति निरीक्षक प्रदीप कुमार सहित ग्रामीण भी मौजूद रहे। संचालन खंड विकास अधिकारी पुनीत कुमार ने किया।

### एक ही स्थल पर मिलेगी खाद्यान्न, प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल किया भवन का लोकार्पण

एक नजर..

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 88 जोड़ों का विवाह



मोमीन अली/युरेशिया

नागल। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भाटखेडी रोड स्थित एक वेंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में नागलए मुजफ्फराबाद व देवबंद ब्लॉक के 88 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। पंडित रजत शर्मा ने जहां 70 हिंदू युगल जोडों का फेरे करा विवाह संपन्न करायाए वहीं मौलवी सुहेल ने 18 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया।

इस अवसर पर रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं सभी के लिए हैंए इनमें कोई भेदभाव नहीं किया गया है। आम आदमी योजनाओं की जानकारी कार्यालय तथा कार्यकर्ताओं से लेकर योजनाओं का लाभ ले सकता है। सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से प्रदेश के लाखों गरीब अपनी बेटियों का विवाह आसानी से कर रहे हैं।?

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। एसडीएम देवबंद अंकुर वर्माए देवबंद चेयरमैन विपिन गर्गए भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश त्यागी ने भी विचार रखे।

इस दौरान नागल एडीओं समाज कल्याण ललित कुमारए व्यापारी नेता कपिल डाबर, खंड विकास अधिकारी एजाज अली, परवेज आलम, राहुल प्रधान, भोपाल सिंह, मोनू प्रधान, बिरम सिंह, नैन सिंह सैनी, नरेंद्र पुंडीर, लक्की, प्रताप, राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अगामी लोकसभा चुनाव में आने वाले पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था को लेकर सीओ सदर ने निरीक्षण कर लिया जायजा



प्रदीप धीमान/युरेशिया

गागलहेडी। शुक्रवार को आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सदर रुचि गुप्ता द्वारा थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत बाहर से आने वाले केन्द्रीय पुलिस बल के ठहरने के स्थान सियाराम इण्टर कालेज व एचबीएच इण्टर कालेज का निरीक्षण कर वहा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े एवं इस दौरान सीओ सदर ने कस्बा चौकी प्रभारी अनित यादव, एसआई ओमपाल यादव को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## अगामी लोकसभा चुनाव में आने वाले पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था को लेकर सीओ सदर ने निरीक्षण कर लिया जायजा



प्रदीप धीमान/युरेशिया

गागलहेडी। शुक्रवार को आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सदर रुचि गुप्ता द्वारा थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत बाहर से आने वाले केन्द्रीय पुलिस बल के ठहरने के स्थान सियाराम इण्टर कालेज व एचबीएच इण्टर कालेज का निरीक्षण कर वहा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े एवं इस दौरान सीओ सदर ने कस्बा चौकी प्रभारी अनित यादव, एसआई ओमपाल यादव को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची 19 शिकायतें, चार का हुआ निस्तारण



बलवीर सैनी/युरेशिया

देवबन्द। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के समक्ष 19 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें महज चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी द्वारा एक किसान को रियायती दरों पर ट्रैक्टर भी दिया गया।

शनिवार को राज्य राजमार्ग स्थित ब्लॉक सभागार में सीडीओ सुमित राजेश महाजन की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अलग अलग विभागों से संबंधित 19 शिकायतें पहुंची। जिसमें चार का ही निस्तारण हो सका। अन्य शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। सीडीओ ने अधिनस्थों को गुणवत्ता के आधार पर शिकायतों के निस्तारण को निर्देशित किया। तहसीलदार मुकुल सागर ने बताया कि सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग संबंधित प्राप्त हुई। इसमें एसडीएम अंकुर वर्मा, सीओ अशोक सिसोदिया, बीडीओ आजम अली, पालिका ईओ डॉ. धीरेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रतियोगिता में गोविंद, अंश तथा विश्वास ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया



नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना। ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में यूपीएस मंडोरा के छात्र गोविंद, अंश तथा भोजपुर के विश्वास सहित आठ बच्चों ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

ब्लॉक सरसावा के बीआरसी तेलीपुरा में आयोजित खण्ड स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में ब्लॉक सरसावा के 56 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 300 बच्चों ने प्रतिभा किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों से विज्ञान के प्रश्न पूछे गए, जिसका बच्चों ने उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिखा। प्रतियोगिता दो राउंड में आयोजित की गई। सर्वाधिक स्कोर करने वाले आठ छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद धनराशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ब्लॉक सरसावा के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के विज्ञान क्विज के प्रथम राउंड से हुआ। इस राउंड में उच्च स्कोर करने वाले छात्रों को दूसरे राउंड में शामिल किया गया। दूसरे राउंड में सर्वाधिक स्कोर प्राप्त करने वाले आठ छात्रों में यूपीएस मंडोरा के गोविंद, अंश तथा अनमोल, यूपीएस भोजपुर तगा की मिस्बाह तथा हाजीका, यूपीएस भटपुरा की रौनक तथा आयुषी, यूपीएस नारायणपुर के अनमोल रहे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने कहा कि बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने एवं अपने परिवेश को पहचानने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभा किया। क्विज प्रतियोगिता के नोडल एआरपी मांगेराम सैनी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। विजेता छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। अरविंद कुमार, सुरेश पाल, अहमद जमा, वसीम अनवर, सुरेश पाल, राजवीर सिंह, अरशद अली, आशा गौर, विकास कुमार, प्रवीण, हिमांशु, अंकित सैनी, श्याम लाल आदि उपस्थित रहे।

# उत्तम राष्ट्र निर्माण हेतु सकारात्मक दृष्टि अनिवार्यः आत्मानुभवी



नाथी सहल/यूरेशिया

सहारनपुर। भागवताचार्य आत्मानुभवी महाराज ने कहा कि नकारात्मक सोच मनुष्य की प्रगति में सबसे बड़ी बाधक है इसलिए जीवन में हमेशा सत्य निष्ठा एवं सदाचार का पालन करते हुए सकारात्मक दृष्टि से जिया गया जीवन मानव से महामानव के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

दयानंद नगर शामली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर भागवताचार्य आत्मानुभवी महाराज ने कहा कि अगर हम अपने जीवन में नियम सत्य ईमानदारी अनुशासन एवं मानव सेवा को प्रमुखता देंगे तभी उत्तम राष्ट्र का निर्माण संभव होगा उत्तम राष्ट्र निर्माण के लिए राजा के साथ-साथ प्रजा को भी जीवन के उच्च मूल्यों एवं सब विचारों को विकसित करने में बहुमूल्य योगदान देना होगा।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने जीवन के सभी सुख दुख के उतार चढ़ाव सफलतापूर्वक पार करने की प्रेरणा दी रामचरित्र मानस नैतिक चारित्रिक शिक्षा का मूल केंद्र है भारत भूमि धन्य है जहां अनेक महान पुरुषों ने जन्म लिया जिनके ज्ञान संपूर्ण मानव जाति का मार्गदर्शन करता है।

यज्ञ हवन एवं भंडारे के साथ भागवत यज्ञ का समापन किया गया शहर के प्रतिभा वान भक्तों ने महाराज श्री का भव्य अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# बेहट तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी ने सुनी जनशिकायते



**इस दौरान कुल 51 शिकायत दर्ज की गई जिनमें से मात्र से 4 शिकायतों का ही निस्तारण किया गया।**

खुर्शीद आलम /युरेशिया

शनिवार को बेहट तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अर्चना द्विवेदी ने फरियादियो की शिकायतो को गंभीरता से सुना। उनके के समक्ष कुल 51 शिकायत दर्ज की गई। जिनमे 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया और बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में शासन की मंशा के अनुरूप करे। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नही की जाएगी। इस दौरान एसडीएम दीपक कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी शशि प्रकाश शर्मा तहसीलदार प्रकाश सिंह, नायब तहसीलदार संजय कुमार व मोनिका चौहान, , खंड विकास अधिकारी लोक चन्द, आपूर्ति निरीक्षक डॉ. दीपांकर शर्मा, एसडीओ विद्युत हरीश सैनी, सीडीपीओ प्रतिभा सिंह, संयोगिता यादव इंस्पेक्टर योगेश शर्मा- अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश, बढ़ी ठिठुरन



बलवीर सैनी/यूरेशिया

देवबन्द। मौसम में लगातार उतार चढ़ाव होने के बीच शनिवार की शाम बारिश हुई। जिससे ठिठुरन बढ़ने का अहसास होने लगा। इस कारण लोगों को दोबारा गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक शुक्रवार रात से ही आसमान में काले बादल मंडराने लगे थे। हल्की बूंदाबांदी भी हुई। शनिवार की सुबह सूरज के दर्शन हुए। लेकिन कुछ देर बाद ही मौसम ने करवट ली और तेज हवाएं चलने लगी। शाम के समय बादलों की गर्जना के साथ बारिश हुई तो मौसम में ठिठुरन बढ़ गई। इस कारण लोगों को फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। बारिश होने के कारण कुछ देर के लिए बाजारों में भी सड़कें सुनसान हो गईं। वहीं, ईदगाह रोड, दारुल उलूम वक्फमार्ग सहित अन्य टूटे हुए मार्गों पर बारिश का पानी इकट्ठा होने से लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कोतवाली पुलिस ने जिला बदर हुए अपराधी सहित एक वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया




खुर्शीद आलम/युरेशिया

बेहट। कोतवाली पुलिस ने जिलाबदर हुए अपराधी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक वारंटी को भी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

शनिवार को कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा गत 12 फरवरी को क्षेत्र के गांव पठानपुरा निवासीगण आरोपित सलीम पुत्र नसीर व अफजल पुत्र दिलदार को 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया गया था। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेशो के अनुपालन में पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को दो सप्ताह पूर्व जिले की सीमा से लगे हिमाचल प्रदेश की पावटा साहिब में भेज दिए गए थे। पुलिस को सूचना मिली की जिला बदर हुए दोनो अपराधी छिपकर अपने अपने घरों में रह रहे है। सूचना पर पुलिस ने उनके घरों पर दबिश देकर जिला बदर दोनो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय मे पेश किए है। इस के अलावा कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट मुकदमें में वारंटी आरोपित रवि पुत्र मामचंद निवासी गांव उसंड को उस के घर से गिरफ्तार किया है पुलिस कानूनी लिखा पढ़ी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अपराधी प्रवृत्ति के लोगो को किसी भी सूरत में बक्शा नही जायेगा।

# गंगोह पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई की



अरविन्द चौहान/युरेशिया

गंगोह( सहारनपुर)। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में गंगोह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने कोतवाली अंतर्गत ग्राम ततारपुर कला में मुनादी करा आपराधिक मामलों में लिप्त अभियुक्त शोरब उर्फजोनी पुत्र विक्रम के विरुद्ध पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई की है। गंगोह प्रभारी निरीक्षक ने न्यायालय के आदेशो का पालन करते हुए अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा कर मुनादी और लाउडस्पीकर द्वारा सूचना दी गई है।

उक्त व्यक्ति समय सीमा के अंदर अगर किसी भी सज्जन को दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें इस दौरान कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# काली पट्टी बांध बेसिक शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य



अरविन्द चौहान/युरेशिया

गंगोह (सहारनपुर)। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के आह्वान पर गंगोह क्षेत्र में भी आनलाईन उपस्थिति का सांकेतिक विरोध करते हुए अध्यापकों ने काली पट्टी बांध शिक्षण कार्य किया। जो पांच मार्च तक जारी रहेगा।

ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र कर्णवाल ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अध्यापक न्यूनतम संसाधनों में कार्य करने को मजबूर हैं, वही अनावश्यक रूप से कार्यवाही कर छवि धूमिल की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों मे यातायात के साधन, कही नेटवर्क तो कहीं बिजली व्यवस्था नही। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थित असंभव है।

जिलाध्यक्ष इसमसिंह व अध्यक्ष सुरेंद्र कर्णवाल के आह्वान पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर विरोध प्रदर्शन किया। बालेश कुमार, मेनपाल सिंह, संजीव शर्मा, विजय नामदेव, अनिल सैनी, महिपाल सिंह, कृष्ण, गोपाल, मुक्ति, दर्शन, पुष्पित, विरेन्द्र कुमार, मीरा रानी, योगेन्द्र, उमंग सिंह, बबीता, पदमसिंह आदि रहें।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 59 फरियादी की शिकायत आयी



विकास शर्मा/युरेशिया

नकुड़। संपूर्ण समाधान दिवस में 59 फरियादियों की शिकायत आयी। केवल दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हुआ। शनिवार को ब्लाक सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम संगीता राघव ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायतों का पारदर्शिता के साथ शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 59 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से एक राजस्व व एक आपूर्ति विभाग से संबंधित शिकायत का ही मौके पर निस्तारण हुआ। इस मौके पर सीओ वैभव पांडे, तहसीलदार जसमेन्द्र सिंह, ईओ नकुड़ सुनील सरोज, नायब तहसीलदार राजेश अटवाल सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गागलहेडी पुलिस ने शान्ति भंग में 4 को गिरफ्तार किया

प्रदीप धीमान/युरेशिया

गागलहेड़ी। पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताडा के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वांछित अभियुक्तो के सत्यापन व रोकथाम तथा शान्ति भंग करने वाले व्यक्तियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी सदर रुचि गुप्ता के निकट पर्यवेक्षण में व व0उ0नि0 अनिल तेवतिया के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेडी क्षेत्र के लिए नैनसिंह पुत्र भोलूराम निवासी ग्राम चौरादेव थाना गागलहेडी जो अपने गाँव पडोसी प्रेमचन्द पुत्र नकली राम के साथ झगड़ा के मामले में तथा ग्राम कुतुबपुर कुसानी के इमरान पुत्र अब्दूल रहमान व इसरार पुत्र अब्दूल रहमान, सराफत पुत्र इमरान निवासीगण ग्राम कुतुबपुर कुसानी पुराने मुकदमे वाजी को लेकर वादी सरफराज पुत्र इरशाद निवासी कुतुबपुर कुसानी के साथ झगड़ा करने पर जो कभी भी लड झगड कर कोई भी संज्ञेय अपराध कारित कर शान्ति भंग कर सकते थे।

अभियुक्तगण उपरोक्त को शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु ग्राम चौरादेव व ग्राम कुतुबपुर कुसानी से अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 लोकेन्द्र कुमार, उ0नि0 श्री नरेन्द्र पाल सिंह, है0का0 आशीष कुमार, का0 विजय देशवाल, हो0गा0 सतीश कुमार शामिल रहे।

# साउथ अफ्रीका से आए प्रचारक ने छात्र-छात्राओं को दिया गुरु मंत्र



मनोज कांबोज/युरेशिया

छुटमलपुर। भारत मे साउथ अफ्रीका से आए बबल जॉए ने भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं की मानसिक स्थिति को मजबूत करने के ओर धरातल पर कार्य करने के लिए उन्होंने आज उत्तर प्रदेश राज्य के सहारनपुर जिले में पडने वाले विकासखंड मुजफ्फराबाद क्षेत्र के गांव रामखेड़ी में स्थित डी0 सी0 एस0 एम0 इंटर कॉलेज में साउथ अफ्रीका से आए प्रचारक बबल जॉए ने छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए और आत्मा को परमात्मा से मिलाने वाली शिक्षा के लिए गुरु मंत्र दिया ओर कहा कि जो आत्मा सही सोचती है वही आत्मा सही कार्य करती है इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को अपने मन को एकांत कर सही मार्ग पर चलने के लिए शिक्षा के टिप्स दिए ओर कहा की जिससे उस आत्मा का स्वाभिमान बचा रहे और शारीरिक विकास हो तथा मानसिक विकास हो उन्होंने कहा कि सभी स्कूली बच्चे आध्यात्मिक विश्वास के साथ विकास कर विश्व कल्याण के लिए कार्य करें उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि पढ़ाई का उत्तम समय सुबह के 3 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक का समय सही है इसलिए सभी इस समय का सही उपयोग कर अपने जीवन को सफल बनाएं और अपना लक्ष्य पूरा करें इस समय पर पढ़ाई कर मन में उत्तम विचार सकारात्मक भाव के आते हैं और नकारात्मक विचार दूर भाग जाते हैं कार्यक्रम में उन्होंने सभी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाकर सभी बच्चों का दिल जीत लिया है। इस दौरान डी0 सी0 एस0 एम0 इंटर कॉलेज के प्रबंधक मास्टर ऋषिपाल सैनी प्रधानाचार्य उषा सैनी तथा अध्यापक सुशील कुमार शिवम कश्यप ऋतिक सैनी ऋषभ सैनी अफ्जल रहीस आलम तथा ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह सैनी प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अजय कुमार सैनी तथा छात्र छात्राएं एवं समस्त स्टाफमौजूद रहा।

# ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई कर ज्यादा लाभ का दिया प्रशिक्षण



अरविन्द चौहान/युरेशिया

गंगोह (सहारनपुर) उत्तम शुगर मिल शेरमउ द्वारा गन्ने की फसल के साथ अन्य फसल प्राप्त करने के लिए ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने का किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। गांव बिलासपुर व दुधला में शुगर मिल के विशेषज्ञ डॉ. डीबी फेडे गन्ना सलाहकार, सुनील कुमार मलिक उप महाप्रबंधक गन्ना विकास, दुर्गेश कुमार जोन इंचार्ज ने प्रशिक्षण के बिंदुओं अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करने, समय पर गन्ने की बुवाई करने, ऊपर के आधे बीज गन्ने की बुवाई करने और ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करनें और भूमि उपचार में खेत की तैयारी के समय ट्राइकोडर्मा विरडी का प्रयोग करने की सलाह दी।

## एक नजर..

## ग्राम सिवाया वि0ख0-दौराला में जनप्रतिनियों की उपस्थिति में किया गया नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का लोकार्पण



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आज प्रदेश में 1100 नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का वर्चुअल लोकार्पण मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश द्वारा लोकभवन सभागार, उ0प्र0 सचिवालय लखनऊ से किया गया है, जिसके क्रम में जनपद में ग्राम सिवाया, वि0ख0–दौराला में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का लोकार्पण स्थानीय जनप्रतिनियों की उपस्थिति में किया गया है। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिन्दर पाल सिंह, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

## सलावा में बंद मकान में लगी आग

आसिफ अंसारी/युरेशिया

सरधना। देर रात सलावा गांव में एक बंद मकान में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर मकान में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया। शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। मकान मालकिन ने थाने में घटना की तहरीर दी है। पूजा पत्नी राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने बच्चों के साथ मेरठ रिश्तेदारी में शादी समारोह में गई थी। मकान में ताला लगा हुआ था। देर रात मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई।

## आकाशीय बिजली से घरों में उपकरण फुंके

आसिफ अंसारी/युरेशिया

सरधना। गांव पांचली बुजुर्ग में शुक्रवार रात बिगड़े मौसम के बीच आकाशीय बिजली एक मकान के पास खड़े पेड़ पर गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से घर के इलेक्ट्रॉनिक सामान फुंक गए। शुक्रवार देर रात गांव पांचली बुर्जुग निवासी मोमीन परिवार के साथ मकान में सो रहा था। रात लगभग 10 बजे मौसम बिगड़ गया। इस बीच अचानक तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली नीम के पेड़ से टकराने के बाद मोमीन के मकान से जा टकराई। इससे मकान में दरार आ गई और घर में रखे बिजली के सभी उपकरण फुंक गए। मकान की बिजली फिटिंग में भी चिंगारी के साथ आग लग गई।

## ओलावृष्टि से फसलों को पहुंचा भारी नुकसान

आसिफअंसारी/युरेशिया



मेरठ। शनिवार शाम तेज बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की बेचैनी बढ़ा दी। ओलावृष्टि से गेंहू सरसो के अलावा खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचा है। उधर, ओलावृष्टि के बाद मौसम भी पूरी तरह से बदल गया। परा गिरा तो ठंड भी बढ़ गई। फ्लिहाल फसलों को पहुंचे नुकसान को लेकर किसान चिंता में डूबे हुए हैं। बारिश व ओलावृष्टि के बाद विशेषज्ञों ने बताया कि ठंड के बीच बारिश गेहूं की फसल के लिए अच्छी होती है। जबकि ओले फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि ओले से गेहूं के पत्ते फट जाते हैं, जोकि गेंहू व सरसो को पहुंचा भारी नुकसान, चिंता में डूब गए किसान उसकी ग्रोथ को कम कर देता है। इस समय बारिश व ओलावृष्टि से सरसों की फसल को काफी नुकसान होगा। क्योंकि सरसो की काफी फसल पर फूल आ चुका है। जबकि अगेती बोई गई सरसो की फसल में दाना पड़ चुका है। ओलावृष्टि से पकी हुई सरसो का दाना खराब हो जाएगा। आलू की फसल के लिए बारिश व ओलावृष्टि दोनों ही नुकसान दायक हैं।

## तेज आंधी व बारिश से कई गांवों में बिजली आपूर्ती ठप्प

आसिफ अंसारी/युरेशिया

सरधना, शुक्रवार देर रात बारिश के साथ आई तेज आंधी देहात क्षेत्र की बिजली ले उड़ी। सरधना देहात क्षेत्र में गंगनहर स्थित बिजलीघर का बारिश के चलते मुख्य केबल फुंक गया। जिस कारण करीब 15 घंटे बिजली गुल रही। केबल की मरम्मत हुई तो शाम में चली तेज हवाओं ने फिर से बिजली आपूर्ती ठप करा दी। फ्लिहाल बिजली गुल रहने से गांवों में अंधेरा पसरा हुआ था। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे अचानक मौसम में बदलाव आया था। पहले तेज हवा चली फिर बारिश हो गई। बारिश शुरू होते ही सरधना देहात की बिजली गुल हो गई। बिजलीघर पर जानकारी की गई तो पता चला कि गंगनहर बिजलीघर का मुख्य केबल फुंक गया। जिसके चलते रातभर बिजली गुल रही। सुबह में मरम्मत का कार्य शुरू हुआ। शाम चार बजे बिजली आपूर्ती की गई। कुछ देर बाद फिर से मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी के साथ बारिश हो गई। करीब आधा घंटा बिजली सप्लाई जारी रही उसके बाद फिर से बिजली गुल हो गई। लगभग 15 घंटे देहात क्षेत्र की बिजली गुल रही। शनिवार को देर शाम हुई मूसलाधार बारिश के बाद फिर से बिजली आपूर्ती ठप हो गई थी। ग एसडीओ विद्युत देहात से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेज हवा के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई है।

## सरधना चर्च में नए बिशप की दीक्षा सम्मान समारोह आज

आसिफअंसारी/युरेशिया

सरधना। ऐतिहासिक चर्च में रविवार को मेरठ धर्मप्रांत के नए बिशप की दीक्षा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। चर्च को दुल्हन की तरह रंगबिरंगी लाइटो से सजाया गया है। इस दीक्षा सम्मान समारोह में दूर दराज से कई हजार लोग शामिल होंगे। इसके अलावा देश के विभिन्न धर्मप्रांत के धर्मगुरू भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। चर्च प्रबंधक फादर पाक्यिनाथन ने बताया कि मेरठ धर्मप्रांत के नए बिशप की नियुक्ति पर रविवार को चर्च परिसर में दीक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए बिशप के रूप में फादर भास्कर जेसुराज दीक्षा लेंगे। इस समारोह में दूर दराज से धर्मगुरू, अतिथि व बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिरकत करेंगे। नए बिशप के अभिनंदन के लिए सभी तैयारियां चर्च में पूरी कर ली गई हैं। करीब ढाई से तीन हजार लोगों के लिए चर्च में बैठने की व्यवस्था की गई है। पूरे चर्च परिसर को सुंदर, लाइटों, सुंदर फुलवारियों से सजाया गया है। रविवार को सर्व प्रथम प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। 10 बजे नए बिशप फादर भास्कर जेसुराज दीक्षा लेंगे।

# मुजफ्फरनगर: संजीव बालियान तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार

### ● आमने-सामने डटेंगे दो जाट प्रत्याशी, सपा से हरेंद्र मलिक को टिकट



युरेशिया संवाददाता

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से भाजपा ने लगातार तीसरी बार मौजूदा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान पर विश्वास जताते हुए उन्हें पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। डॉ संजीव बालियान ने 2019 में रालोद अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह को जबकि 2014 में बसपा के सिटिंग एमपी कादिर राणा को 5 लाख से अधिक मतों से हराया था। इस बार सपा ने मुजफ्फरनगर सीट से पूर्व सांसद नरेंद्र मलिक को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। भाजपा की ओर से पार्टी प्रत्याशी की घोषणा के बाद तय हो गया है कि मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र से दो जाट क्षत्रप आमने- सामने होंगे। पश्चिमी यूपी के जिलों में शामिल मुजफ्फरनगर को राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। गंगा-यमुना के दोआब में बसे इस जनपद की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट का चुनाव विभिन्न राजनीतिक दलों के सियासी लहर तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। भाजपा ने देर शाम जारी पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी कर मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा केन्द्रीय राज्यमंत्री को ही प्रत्याशी बनाने की घोषणा की है। डा. संजीव बालियान पेशे से पशु चिकित्सक हैं और पंडित आदेश फौजी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मतदाता संघ ने अपनी टीम के साथ मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र से डा0 संजीव बालियान को तीसरी बार भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी भाजपा ने उन्हें 2014 में पहली बार मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से टिकट दिया था।जनपद में 2013 सांप्रदायिक दंगे के बाद हुए लोकसभा चुनाव में डा. संजीव बालियान के पक्ष में जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ था। डा. संजीव बालियान ने तब बसपा के मौजूदा सांसद कादिर राणा को 401,150 मदों से हराया था। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के तौर से डा. संजीव बालियान ने अपनी जीत को दूसरी बार बरकरार रख रालोद के तत्कालीन अध्यक्ष और बड़े जाट नेता चौ. अजित सिंह को 6,526 मतों से हराया था।

इस बार भाजपा ने डा. संजीव बालियान पर तीसरी बार दांव खेला है। जबकि इस सीट से सपा ने पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक को मुजफ्फरनगर से पार्टी प्रत्याशी बनाया है। हरेन्द्र मलिक मुजफ्फरनगर लोक सभा सीट से पहले भी दो बार चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन वह दोनों ही बार चुनाव हारे।

## भाजपा सरधना मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं जोश, बोले 'इस बार 400 पार'



सरधना। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से डॉ संजीव बालियान जी पर एक बार ओर विश्वास दिखाया ओर तीसरी बार उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया भारतीय जनता पार्टी सरधना मण्डल के सभी कार्यकर्ताओ मे जोश है मण्डल अध्यक्ष भाजपा आलोक जैन ने सरधना से मा. संजीव बालियान जी को भारी मतों से जीत दिलाने का पार्टी कार्यकर्ताओ के विश्वास को दोहराया साथ ही मोदी जी की गारंटी पर भरोसा जताते हुए कहा इस बार 400 पार, इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजीव जैन विनोद जैन शानू जैन कुणाल जैन पुरषोत्तम बंसल संजय सत्यम लोकेश जैन राहुल पाल सुमित कुमार दीपक जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्या नॉलेज पार्क के विद्यार्थियों को मिले स्मार्ट फोन तो खिले चेहरे

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में डिजी शक्ति के तहत विद्या इंस्टीट्यूट ऑफक्रिएटिव टीचिंग के बी.बी.ए., बी.सी.ए. व बी.कॉम विभाग के 712 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस मौके पर विद्या नॉलेज पार्क के प्रबंध निदेशक विशाल जैन, निदेशक डॉ. राजीव कुमार चेची व डा. वसुधा शर्मा के साथ कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बागपत रोड स्थित विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टीचिंग के बी.बी.ए., बी.सी.ए. व बी.कॉम विभाग के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विद्यागान के साथ हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत पौध भेंट कर किया गया। कॉलेज के निदेशिका डा. वसुधा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। निदेशक डॉ. राजीव कुमार चेची ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तकनीकी का युग है और क्षमता संवर्धन के लिये सभी युवाओं को तकनीकी उपकरणों से लैस होना होगा। उन्होंने कहा कि सभी युवा समय का सदुपयोग करते हुए स्मार्टफोन का सबसे बेहतर इस्तेमाल करेंगे।इसके बाद विद्या इंस्टीट्यूट ऑफक्रिएटिव टीचिंग के बी.बी.ए., बी.सी.ए. व बी.कॉम विभाग के 712 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन प्रदान किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन विभागाध्यक्ष ने किया। इस मौके पर विद्या नॉलेज पार्क की फैकल्टी और अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम प्रेषित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

### ● प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर की नारे बाजी

आसिफ अंसारी/युरेशिया



सरधना देश व प्रदेश मे हो रहें दलित उत्पीड़न के विरोध मे कांग्रेस पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम प्रेषित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में सरधना तहसीलदार नटवर सिंह को सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश काजला के नेतृत्व मे सरधना तहसील पहुंचकर कांग्रेसियों ने रामपुर जिले मे दलित युवक सोमेश की पुलिस द्वारा गोली मारकर हत्या के विरोध में आक्रोश प्रकट करते हुए जोर्दार नारे बाजी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो गई है तथा आए दिन दलित समाज के साथ साथ महिलाओं पर अत्याचार हो रहें है। कांग्रेसियों ने कहा कि यह दलित उत्पीड़न सरकार की सह पर हो रहा हैश् अवनीश काजला ने कहा कि रामपुर मे हुई दलित नौजवान सोमेश के हत्यारो को सरकार बचाने का काम कर रही है साथ ही एक महिला नयायिक मजिस्ट्रेट द्वारा सरकार की नीतियों से दुखी होकर आत्महत्या कर लेना भी सरकार की क्रूरता पूर्ण नीतियों को उजागर करती हैश् उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस तानाशाही सरकार की भरसक निंदा करती है इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सरधना सय्यद रिहानुद्दीन, पूर्व जिला महासचिव डा एम एन खान, नगर अध्यक्ष इकरामुद्दीन अंसारी, एडवोकेट जितेंद्र पांचाल, युसूफ अंसारी, सईद कुरैशी, रिजवान खान, पंडित शिवकुमार शर्मा, राहुल जदोड़िया, धीरज शर्मा, अरविन्द त्यागी, इमरान अख्तर, सहित सैकड़ो कांग्रेसी जन मौजूद रहें।

## फैज-ए-आम डिग्री कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन





### प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण स्मार्टफोन योजना के अर्न्तगत स्मार्टफोन प्रकार सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। फैज–ए–आम डिग्री कॉलेज में शनिवार को प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण स्मार्टफोन फोन योजना के अर्न्तगत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के बीए और बी काम के अन्तिम वर्ष के तथा बीए तृतीय गतवर्ष के उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। स्मार्ट फोन पाकर छात्र–छात्राओं ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना का स्वागत किया। तथा सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि अब ऑनलाइन पढ़ाई में आ रही परेशानीयों से छुटकारा मिल जाएगा।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा0 एफ0 रहमान ने छात्र–छात्राओं को सरकार की इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरकार देश को आगे बढ़ाने के लिए डिजिटल इंडिया पहल के अन्तर्गत विद्यार्थियों व अन्य नागरिकों को मैन्युअल माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने का प्रयास कर रही हैं। इस योजना के अन्तर्गत सभी विद्यार्थी सरकार की सभी नवीनतम एवं विकासशील योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा संबंधित विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को कक्षा पाठ्यक्रम आदि की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। और विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षनिक कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाएगा। प्राचार्य डा0 एफ0 रहमान ने विद्यार्थियों को इस बात के लिए भी जागरूक किया कि विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का सदुपयोग करना चाहिए। जिससे कि वह अपने उज्जवल भविष्य की और अग्रसर हो सकें।इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ डॉ0 निशा त्यागी, डा0 फरहत खातून, डा0 मौ0 असलम सिद्दीकी, डा0 ईरम जैदी, निधीश शर्मा, कु0 बुशरा, मौ0 मुस्तफा, कु0 ताहिरा आदि सभी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डा0 निशा त्यागी के द्वारा किया गया।

☛ पोस्टर
☛ पैम्पलेट
☛ फ्लैक्स बैनर
☛ फ्लैक्स बोर्ड
☛ स्टेशनरी
☛ पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
Email: ureshiyapress@gmail.com
9410231400
7533833844
7533833855
0121- 4324497
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

## बपारसी पुल पर कार पलटने से पांच घायल



आसिफ अंसारी/युरेशिया

सरधना। मेरठ करनाल हाईवे पर बपारसी पुल के निकट सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस दौरान कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार लोग मुरादनगर से सगाई लेकर बागपत के धनोरा गांव जा रहे थे। पुलिस के अनुसार मुरादनगर निवासी नितिन पुत्र प्रशांत त्यागी, उम्मेद पुत्र रामानुज, अभिषेक पुत्र अरविंद, अंकुश पुत्र तेजपाल, विक्रम सिंह पुत्र तपराज सिंह अपनी वेगन आर कार में सवार होकर बागपत के धनोरा गांव में सगाई लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ करनाल हाइवे पर बपारसी गांव में हिंडन नदी के पुल के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

दो पलटे खाने के बाद कार पुल के पैदल पथ मार्ग में फंस गई। इस हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । चीख पुकार सुनकर रुके राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सरधना व मुजफ्फरनगर पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई थी। पुलिस ने घायलों के परिजनों को भी सूचना दे दी थी।

## दौराला के सिवाया में अन्नपूर्णा भवन (उचित दर दुकान का) लोकार्पण



आसिफ अंसारी/युरेशिया

सरधना। विधानसभा क्षेत्र के सिवाया में अन्नपूर्णा भवन, उचित दर दुकान का शनिकार को लोकार्पण किया गया। जिसमें लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। 2 मार्च 2024 को प्रदेश में 1100 नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश द्वारा लोक भवन सभागार, उ0प्र0 सचिवालय लखनऊ से किया गया है, जिसके क्रम में जनपद में ग्राम सिवाया, वि0ख0 – दौराला में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का लोकार्पण स्थानीय जनप्रतिनियों की उपस्थिति में किया गया है। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से बाल बाल बची परिवार की जान

आसिफ अंसारी/युरेशिया

सरधना। थाना क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग गांव में शुक्रवार की देर रात आकाशीय बिजली गिरने से मकान में सो रहे परिवार की बाल–बाल जान बची। जिसमें घर के इलेक्ट्रॉनिक सामान व पड़ोसियों के भी इलेक्ट्रॉनिक सामान आकर्षक बिजली गिरने से फुक गए। जानकारी के अनुसार पांचली बुर्जुग निवासी मोमीन पुत्र सलमुद्दीन अपने परिवार के साथ मकान में सो रहा था। तो लगभग 9:30 बजे मौसम खराब होने के बाद आकाशीय बिजली अचानक गिरी। जो पहले नीम के पेड़ से टकराई उसके बाद घर में जो बिजली फिटिंग थी। उसमें अचानक फाल्ट हुआ। जिस कारण घर में अंधेरा हो गया। और परिवार काफी डर गया और चिक पुकार होने के बाद घर के पड़ोसी वहां दौड़े वहां जाकर देखा तो आकाशीय बिजली गिरने कारण घर में टीवी पंखे फ्रिज समरसेबल का मोटर आदि फुक गए। और आस–पड़ोस के लोगों के भी जो टीवी चल रहे थे। वह भी फूंक्र गए। जिससे परिवार काफी सदमे में है।

## कैलश पर्वत पर भगवान श्री का मोक्ष



आसिफ अंसारी/युरेशिया

सरधना, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कैलाश पर्वत पर हुआ। जिसमें नित्य नियम पूजन अर्चना के साथ ही विश्व की मंगल कामना हेतु 101 शांतिधारा की गई। शांतिधारा वह मंत्र उच्चारण है जिसके माध्यम से मृत समान व्यक्ति में भी प्राण डाले जा सकते हैं। शुक्रवार देर शाम एडीएम ई अमित कुमार सिंह व इंस्पेक्टर सरधना प्रताप सिंह पंचकल्याणक महोत्सव में पधारे और उन्होंने आचार्य श्री के समक्ष श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महामुनिराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर मनुष्य अर्जन के साथ विसर्जन करना भी सीख ले तो मनुष्य को कभी भी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परम पूज्य गुरुदेव ने भगवान ऋषभदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऋषभदेव संपूर्ण विश्व को जीतने वाले जितेंद्र जिन भगवान थे। उन्होंने समाज को सभी वस्तुओं तत्वों का ज्ञान कराया और अंत में वितरागी बने। सब कुछ छोड़कर वन जाकर कठोर साधना की और प्रथम तीर्थकर के रूप में जाने गए। बताया कि आज से कहीं अरब वर्षों पहले तीर्थकर ऋषभदेव ने जो भी सिखाया समस्त विश्व उसी के पद चिन्हों पर चलकर अपने कल्याण में लगा है। आचार्य श्री द्वारा रचित ग्रंथ भगवती आराधना भी प्रकाशित होने वाला है लगभग 1500 1600 पृष्ठ का या ग्रंथ समस्त विश्व के कल्याण को एक नई दिशा प्रदान करेगा।गांधीनगर नवीन जिनालय में सभी प्रतिमाओं की स्थापना पूर्ण मंत्रोचार से श्री मनोज जैन प्रतिष्ठाचार्य जी व श्री गुणाश जी ने की। श्रावक श्रेष्ठ परिवारों ने भगवान को नए मंदिर में स्थापित किया। इस अवसर पर प्रमोद जैन राजीव जैन तरस चंद जैन मुकेश जैन अनिल जैन हंस जैन राकेश जैन पंकज जैन नेताजी विनोद जैन राजीव जैन दीपक दिवाकर जैन कुणाल जैन सौरभ जैन ऋषभ जैन विजय जैन नीरज जैन दीपक जैन नमन सागर जैन अतिशय जैन गौरव जैन आदि हजारों व महिला पुरुष उपस्थित रहे।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)